भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड,
भोपालपानी, देहरादून

संख्याः 3964/उ0ख0/भू0खनि0नि0/ई0नीला0/2023–24, दिनांकः 01 नवम्बर, 2023

ई–निविदा सह ई–नीलामी हेतु अल्पकालीन पुनर्निविदा (Re-Tender) आमंत्रण सूचना

उत्तराखण्ड शासन, औद्योगिक विकास अनुभाग–1 की अधिसूचना सख्या 977/VII-A-1/2023-24ख/2007 दिनांक 16 जून, 2023 के द्वारा प्रख्यापित उत्तराखण्ड उप–खनिज (परिहार) नियमावली–2023 के अध्याय–4 के नियम–20 (1), (2) एवं (4) में भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून के कार्यालय ज्ञांप संख्या 2563/र0ख0ला0/ ई0नी0/वि0का0ज्ञ0/भू0खनि0नि0/2023–24, दिनांक 22 अगस्त, 2023 के द्वारा विज्ञापित किये जाने की प्रदत्त स्वीकृति के क्रम में कार्यालय के पत्र संख्या 2748/भू0खनि0नि0/2023–24, दिनांक 29 अगस्त, 2023 के द्वारा कुल **61** लाटों में निविदा आमंत्रित की गयी, जिसमें से **43 लॉटों** में निविदा अप्राप्त/अपूर्ण पाये जाने पर निदेशालय के पत्र संख्या 3581/भू0खनि0नि0/ई0नीला0/2023–24, दिनांक 09 अक्टूबर, 2023 के द्वारा पुर्ननिविदा (Re-Tender) आमंत्रित की गयी जिसमें **जनपद उत्तरकाशी के 05 लॉट, जनपद टिहरी गढवाल का 01 लॉट, जनपद रूद्रप्रयाग का 01 लॉट, जनपद अल्मोडा के 02 लॉट, जनपद पिथौरागढ़ का 02 लॉट, जनपद चमोली का 01 लॉट, जनपद बागेश्वर के 06 लॉट, कुल 18 लॉटों** हेतु निविदा अप्राप्त/अपूर्ण पाये जाने के आधार पर कार्यालय के पत्र संख्या 3900, 3919, 3920, 3921, 3933, दिनांक 31 अक्टूबर, 2023 के द्वारा निविदा निरस्त की गयी, के दृष्टिगत **जनपद उत्तरकाशी के 05 लॉट, जनपद टिहरी गढवाल का 01 लॉट, जनपद रूद्रप्रयाग का 01 लॉट, जनपद अल्मोडा के 02 लॉट, जनपद पिथौरागढ़ का 02 लॉट, जनपद चमोली का 01 लॉट, जनपद बागेश्वर के 06 लॉट, कुल 18 लॉटों** को उक्त नियमावली के नियम–20(2) के प्रावधानानुसार राज्य के मूल निवासी/निवासियों की समितियों/फर्म/कम्पनियों को 05 वर्ष की अवधि हेतु ई–निविदा सह ई–नीलामी (E-Tender cum E-Auction) के माध्यम से आवंटन के लिए पुनः तकनीकी निविदा (Technical bid) एवं वित्तीय निविदा (Financial Bid) इच्छुक बोलीदाताओं से निम्नवत् वर्णित विवरणानुसार Online आमंत्रित की जाती है:–

विज्ञापन प्रकाशन की तिथि	दिनांक 02.11.2023 (बृहस्पतिवार)
uktenders.gov.in पर निविदा अपलोड की तिथि	दिनांक 02.11.2023 (बृहस्पतिवार)
uktenders.gov.in से निविदा डाउनलोड आरम्भ करने की तिथि	दिनांक 02.11.2023 (बृहस्पतिवार)
ऑनलाइन ई–निविदा जमा करने हेतु आरम्भ तिथि	दिनांक 06.11.2023 (सोमवार) को प्रातः 10:00 बजे से
ऑनलाइन ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय	दिनांक 08.11.2023 (बुधवार) को सांय 05:00 बजे तक
तकनीकी निविदा खोलने तथा ई–निविदा के परीक्षण /मूल्याकंन आरम्भ किये जाने की तिथि एंव समय	दिनांक 09.11.2023 (बृहस्पतिवार) पूर्वाह्न 12:00 बजे से
समिति द्वारा तकनीकी निविदा के परीक्षण/मूल्यांकन के उपरान्त सफल निविदादाताओं की सूची वैबसाइट www.uktenders.gov.in में अपलोड करते हुये वित्तीय निविदा खोलने की तिथि एवं समय की घोषणा की जायेगी एवं तदनुसार परिणाम उक्त वेबसाईट पर अपलोड किया जायेगा।	

समस्त प्रतिभागी निविदादाताओं को सूचित किया जाता है कि निविदित खनन लॉट एवं निविदा की प्रक्रिया का विस्तृत विवरण तकनीकी निविदा (Technical Bid) तथा वित्तीय निविदा (Financial Bid) प्रपत्र में किया गया है। उक्त निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यदिवस में भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, रायपुर–थानो रोड़,

Scanned with OKEN Scanner

भोपालपानी, देहरादून से तथा राज्य सरकार की वेबसाईट uktenders.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट dgm.uk.gov.in से डाउनलोड कर भी प्राप्त किया जा सकता है, जिस हेतु रू0 20,000.00 (बीस हजार मात्र) विभागीय लेखाशीर्षक 0853–00–102–01–00 में + उक्त धनराशि का 18% GST का बैक ड्राफ्ट **निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय** के पक्ष में पृथक से जमा कराते हुए जमा चालान एवं बैक ड्राफ्ट की प्रति निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि से पूर्व मूल में निदेशालय में जमा कराई जानी आवश्यक होगी। निविदा प्रपत्र क्रय किये जाने हेतु जमा चालान की प्रति तकनीकी निविदा (Technical Bid) के साथ भी अपलोड की जानी आवश्यक होगी। निविदा प्रपत्र क्रय किये जाने हेतु जमा चालान की प्रति तकनीकी निविदा (Technical Bid) के साथ भी अपलोड की जानी आवश्यक होगी। सभी निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि उक्तानुसार निविदा प्रपत्र प्राप्त कर उसका भली भांति अध्ययन करने के उपरान्त ही निविदा प्रक्रिया में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। अस्पष्ट एवं अपूर्ण निविदा प्रपत्रों/आवेदनों पर विचार नही किया जायेगा।

नोट– जिन प्रतिभागी निविदाताओं के द्वारा पूर्व में उक्त निविदित लॉटों की ई–निविदा में प्रतिभाग किया गया है, के द्वारा जिस लॉट के सापेक्ष जो आवेदन शुल्क जमा किया गया, को पुनः उक्त लॉट हेतु प्रयुक्त किया जा सकेगा तथा निविदा प्रपत्र शुल्क नवीन चालान के माध्यम से एवं 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 का बैक ड्राफ्ट पृथक से पुनः जमा किया जायेगा। आवेदन शुल्क (रू0 एक लाख) को किसी दूसरे लॉट में प्रयुक्त किये जाने पर ऐसी निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा तथा उक्तानुसार निविदा निरस्त कर दी जायेगी। उक्त के अतिरिक्त द्वितीय बार आमंत्रित पुर्ननिविदा (Re-Tender) प्रक्रिया में अनुभव की शर्त को हटा दिया गया है के दृष्टिगत उक्त निविदित लॉटों में अनुभव प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है।

01/11/2023

(एस0 एल0 पैट्रिक)
निदेशक

Scanned with OKEN Scanner